जनपद	केन्द्र	स्विच टाइप	क्षमता
29. खरगांव	सनवाड़ा	एसएस 2	500
30. नरसिंहपुर	गदरवाड़ा	एसएस 2	700
31. रायपुर	भाटावाड़ा	एसएस 2	500
32. रायपुर	रायपुर	एसएस 1	6900
33. शहडोल	शहडोल	एसएस 2	1200
जोड़			65869

विवरण –III

मध्य प्रदेश में 1997-98 वर्ष के दौरान इलेक्ट्रानिक एक्सचेंजों द्वारा बदले गये इलेक्ट्रोमैकनिक एक्सचेंजों के ब्यौरे।

क्रमांक	जनपद	स्थान	क्षमता
1.	बिलासपुर	बिलासपुर	5000 लाइनें
2.	उज्जैन	उज्जैन	3200 लाइनें
3.	सीधी	सिंगरौली	400 लाइनें

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित पदों का भरा जाना

1574. **श्री मूलचन्द मीणा**:

श्री अजीत जोगी:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में कार्य कर रहे डाकघरों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजतियों के लिए आरक्षित पद इन कार्यालयों में आरक्षण नीति के अनुरूप भरे जा चुके हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

संचार मंत्री (**श्री बेनी प्रसाद वर्मा**) : (क) मध्य प्रदेश में 9,8,16 अतिरिक्त विभागीय डाकघरों सहित 11,241 डाकघर काम कर रहे हैं।

(ख)जी हां।

(ग) और (घ) सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति द्वारा रिक्त पद भरना एक वार्षिक प्रक्रिया है जो रिक्त पदों की गणना से शुरू होती हैं। विभिन्न समुदायों के लिए रिक्त पद, कार्मिक मंत्रालय द्वारा इस संबंध में जारी किए गए स्थायी अनुदेशों के अनुसार होते हैं। चूंकि, यह एक अनवरत प्रक्रिया हैं, इसलिए इस संबंध में कोई निश्चित आंकड़े देना संभव नहीं हैं।

नए इलैक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंजों की स्थापना

1575. **प्रो राम बख्श सिंह वर्मा**:

श्रीमती मालती शर्मा:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1997-98 के दौरान सरकार द्वारा किन-किन स्थानों पर नए इलैक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित किए जाने की योजना हैं;

(ख) उत्तर प्रदेश में ऐसे टेलीफोन एक्सचेंजो की संख्या कितनी हैं जिन्हें अभी तक इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में नहीं बदला गया हैं; और

(ग) इन एक्सचेंजों को अब तक इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में बदले जाने की संभावना हैं?

संचार मंत्री (**श्री बेनी प्रसाद वर्मा**) : (क) वर्ष 1997-98 में 1353 स्थानों में नए इलैक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित करने की योजना हैं।

(ख)और (ग) उत्तर प्रदेश में अब तक केवल 3 टेलीफोन एक्सचेंजों को इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में नहीं बदला गया हैं। वर्ष 1997-98 में इन्हें इलैक्ट्रानिक एक्सचेंजों में बदले जाने की संभावना हैं।

Winding up of regiments set up before independence on caste basis

1576. SHRI NAGMANI: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Government propose to wind up the regiments set up on the basis of castes before Independence;